कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन, छठा तल लखनऊ।

निविदा संख्या–डीजीएमई / 2015 / सीटी / 1364 दिनांक 13 अप्रैल, 2015

पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से उत्तर प्रदेश के राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों के लिए सी0टी0 स्कैन मशीनों की आपूर्ति एवं स्थापना हेतु प्रथमबार आमंत्रित की गयी निविदा सूचना संख्याः–डीजीएमई / 2014 / सीटी / एमआरआई / डीआर / 954, दिनांक 31 दिसम्बर, 2014 तथा द्वितीयबार आमंत्रित की गयी निविदा सूचना संख्या–डीजीएमई / 2014 / सीटी / 1224, दिनांक 18 मार्च, 2015 के अन्तर्गत पर्याप्त निविदायें प्राप्त न होने के कारण तृतीयबार पुर्न मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। इस निविदा सूचना के संदर्भ में उल्लेखनीय है कि प्रथम बार तथा द्वितीय बार आमंत्रित निविदा विज्ञापन के सापेक्ष जिन निविदादाताओं द्वारा अपनी निविदायें प्रस्तुत की थी उन्हे इस निविदा आमंत्रण सूचना के सापेक्ष अपनी अद्यतन मुहरबन्द निविदायें प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है, क्योंकि इस उपकरण हेतु विगत मे प्राप्त निविदाओं को विचारार्थ स्वीकार अथवा सम्मिलित नहीं किया जायेगा। ऐसे निविदादाता जिन्होनें पूर्व में आमंत्रित निविदा सूचना के सापेक्ष अपनी मुहरबन्द निविदा प्रस्तुत की है वे अपनी पुरानी निविदा को मूलरूप में इस कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में वापस प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15 अप्रैल, 2015 से 29 अप्रैल, 2015 तक मध्यान्ह 12.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन छठा तल, लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है। उक्त उपकरण हेतु निविदा शुल्क (नानरिफण्डेबिल) निम्नांकित तालिका के अनुसार नगद जमा किया जाएगा। मुहरबन्द निविदायें (तकनीकी एवं भावपक्ष, मूल एवं प्रतिलिपि अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफों में) प्रत्येक दशा में दिनांक 30 अप्रैल, 2015 को अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, जवाहर भवन छठा तल, लखनऊ में जमा की जायेंगी। प्रत्येक निविदा प्रपत्र के लिफाफे के ऊपर निविदा संख्या एवं आइटम का नाम स्पष्ट रूप से लिखना होगा। तकनीकी भावपक्ष वाली प्राप्त निविदायें दिनांक 30 अप्रैल, 2015 को अपरान्ह 4.00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि अन्तिम कार्यदिवस पर कोई अवकाश घोषित हो जाता है, तो उसके अगले कार्यदिवस को निर्धारित तिथि माना जाएगा। किसी भी कारण से विलम्ब से प्राप्त होने वाले निविदा प्रपत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सभी नियम एव शर्तें एवं उपकरणों / कार्य के तकनीकी विशिष्टताएं जैसा कि निविदा प्रपत्रों में अंकित है, को इस टेण्डर संख्या का अभिन्न अंग माना जाएगा। ई0एम0डी0 एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 के रूप में राष्ट्रीयकृत बैंक से, जो कि महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नाम से होगी, को निविदा की तकनीकी निविदा के साथ अलग से सीव्ड कवर लिफाफे में अंकित करते हुए स्वीकार किया जाएगा। उपकरणों की संख्या घटायी व बढ़ायी जा सकती है। महानिदेशक को बिना कारण बताये निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार किये जाने अथवा निविदा सूचना में विज्ञापित किसी भी आइटम का क्रय स्थगित / निरस्त करने अथवा नहीं करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में लीगल ज्यूरीडिक्शन जिला–लखनऊ, उ0प्र0 के मा0 न्यायालय में होगा।

Sl.No.	Name of Equipment	Qty Required	EMD In Rs.	Cost of Tender form
1.	64 Slice CT Scanner System	06	15.00 Lac	Rs 1000 + VAT 5%

इस निविदा सूचना को उत्तर प्रदेश सरकार की अधिकृत वेबसाइट www.upgov.in महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एंव प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश लखनऊ की अधिकृत बेबसाइट www.updgme.in पर देखा जा सकता है।

महानिदेशक